अमृत विचार

बरेली, शनिवार,14 मार्च 2026

शाहजहांपुर

# किसी की बुक हुई गैस तो कोई शिकायत लेकर पहुंचा एजेंसी

## सर्वर डाउन होने की वजह से बनी रही गैस बुक न होने की समस्या, होम डिलीवरी होगी, किसो को भी एजेंसी या गोदामों से सिलेंडर नहीं मिलेंगे

- एजेंसी पर कर्मचारी सुबह पांच बजे के आसपास गैस बुक करने की दे रहे सलाह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में भले की गैस की किल्लत न होने का दावा किया जा रहा हो, मगर उपभोक्ताओं को गैस मिलने की समस्या बनी है। तीन दिनों से किसी की गैस बुक नहीं हुई तो कोई शिकायत लेकर एजेंसी पहुंच गया। सर्वर डाउन होने की वजह से गैस बुक न होने की समस्या आज भी बनी रही। इसकी शिकायत लेकर तमाम उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर पहुंचने लगे। एजेंसी पर कर्मचारी सुबह पांच बजे के आसपास गैस बुक करने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, गोदामों पर भीड़ और लंबी लाइनों से बचने के लिए एजेंसी मालिकों ने होम डिलीवरी से ही सिलेंडर उपलब्ध कराने की बात कही है। एजेंसी या गोदामों से सिलेंडर नहीं मिलेंगे।

शुक्रवार को गैस की किल्लत बरकरार रही। उपभोक्ताओं का बुकिंग होने के बाद भी गैस नहीं मिल रही है। कहा ये जा रहा है कि गैस बुक होने के कम से कम 36 से 48 घंटे बाद ही गैस की डिलीवरी दी जाएगी। पहले तो लोगों की गैस बुक ही नहीं हो रही है, अगर किसी तरह से बुक भी हो जाए तो उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है।



सत करतार गैस एजेंसी के गोदाम में वाहनों पर लदे गैस सिलेंडर उतारता कर्मचारी।

### रोजाना 150 से 200 तक ई केवाईसी अपडेट हो रही

रोहित गैस एजेंसी पर ई केवाईसी कराने वालों की लंबी लाइन लगी है। गैस बुक न होने और गैस सिलेंडर की गलत हाथों में डिलीवरी की शिकायतें लेकर तमाम उपभोक्ता पहुंच रहे हैं। एजेंसी पर ई केवाईसी का काम देख रहे गुफरान ने बताया कि वह रोजाना लगभग 150 से 200 तक ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। लेकिन लोग जल्दबाजी की वजह से हंगामा करने लगते हैं। इससे काम लेट होता है। एजेंसी पर पर्ची लेने वालों की भी भीड़ लगी है।

### डिलीवरी ब्वॉय में डर का माहौल



डिलीवरी ब्वॉय मोहल्लों में सिलेंडर ले जाने से डर रहे हैं। गैस की किल्लत के चलते उन्हें ये डर सता रहा है कि कहीं सिलेंडरों की लूटपाट न मच जाए। सत करतार गैस एजेंसी के गोदाम पर एमन जई जलाल नगर के डिलीवरी ब्वॉय मोहम्मद इस्लीम को बुकिंग पर्ची आने पर गोदाम कीपर विनोद गैस देने को तैयार है। मगर इस्लीम सिलेंडर ले जाने का तैयार नहीं है। उसका कहना है कि गैस सिलेंडर की मांग अधिक है। लोगों के गैस खत्म हो चुकी है। गैस की मारामारी है। ऐसे में वह अगर मोहल्ले में सिलेंडर लेकर गया तो छीना झपटी मच जाएगी। उसकी जान आफत में पड़ जाएगी। इसलिए वह सिलेंडर नहीं ले जाना चाहता।

### तीन दिन से गैस बुक नहीं हो रही



मोहल्ला हयातपुरा के मशकूर खां गोदाम पर गैस बुक न होने की समस्या लेकर आए। उन्होंने बताया कि वह तीन दिन से गैस बुक करने की कोशिश कर रहे हैं। मगर गैस बुक नहीं हो रही है। उनके घर में दो दिन की ही गैस बची है। इस पर गोदाम के कर्मचारी ने बताया कि सुबह पांच बजे के आसपास गैस बुक करने पर गैस बुक हो जाएगी। दिन में सर्वर डाउन होने के कारण गैस बुक नहीं हो पाती है।

### बुकिंग के 48 घंटे के बाद सिलेंडर मिलेगा



बिसरात रोड स्थित सत करतार के गोदाम पर तीन गाड़ियों में गैस सिलेंडर भरे थे। गोदाम कीपर विनोद कुमार ने बताया कि गोदाम से वितरण के लिए डेढ़ गाड़ी आई हैं। इनमें लगभग 500 सिलेंडर आए हैं। ये डिलीवरी ब्वाय को बुकिंग पर्ची के हिसाब से दिए जा रहे हैं। विनोद ने बताया कि गैस की कमी नहीं है। जिनकी गैस बुक हो रही है, उन्हें गैस मिल रही है। लेकिन बुकिंग के कम से कम 36 से 48 घंटे के बाद ही सिलेंडर मिलेगा।

### बुक होने के पांच दिन बाद भी नहीं मिली गैस



रोहित गैस एजेंसी पर तारीन जलाल नगर की फरहत साजिद खां ने बताया कि उनके बेटे शाजेब ने 8 मार्च को गैस बुक की थी। दो इंतजार के बाद जब मालूम किया तो पता चला कि उनकी गैस किसी और को दे दी गई। यही शिकायत करने वह एजेंसी पर आई हैं। मगर कर्मचारी कोई सटीक जवाब नहीं दे रहे हैं। इस तरह की शिकायतें कई और उपभोक्ता भी एजेंसी पर पहुंच रहे हैं। लेकिन उन्हें परेशानी उठाने के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।

### गैस के बजाए कर रहे लकड़ी भट्ठी का प्रयोग

रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से बचने के लिए कुछ कारोबारियों ने लकड़ी की भट्टी पर सामान तैयार करना शुरू कर दिया। इसलिए उनको बहुत ज्यादा दिक्कत नहीं उठाना पड़ रही है। शहर के एक खाद्य कारोबारी ने बताया कि कि वह गैस के बजाय लकड़ी की भट्टी पर ही सारा सामान तैयार करते हैं। इसलिए गैस की किल्लत का उनके काम पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। वह कहते हैं कि पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडर के दाम काफी बढ़ गए हैं और कई जगह 2000 रुपये तक में सिलेंडर मिलने की खबरें भी सुनने में आ रही हैं। इसलिए उन्होंने गैस संकट से बचने के लिए लकड़ी की भट्टी से ही अपना सारा काम चला लिया।, जिससे उनके कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा।

### इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में आई तेजी

रसोई गैस सिलेंडर की कई दिनों से बुकिंग न होने और आपूर्ति न होने से उपभोक्ताओं को परेशानी बहुत बढ़ गई है। ऐसे में लोगों ने गैस का विकल्प तलाश करते हुए इंडक्शन चूल्हे खरीदना शुरू कर दिए। क्राकरी और चूल्हा बर्तन की दुकानों पर पिछले दो दिनों से इंडक्शन खरीदने वालों की भीड़ लग रही है। इन दुकानों पर रोजाना तकरीबन छह सौ से ज्यादा इंडक्शन चूल्हों की बिक्री की बात बताई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### नि:शुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद में जिला प्रशासन द्वारा लेखपाल भर्ती एवं पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2026 के लिए नि :शुल्क कोचिंग की व्यवस्था जनपद मुख्यालय पर स्थित पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज में की जा रही है। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी एवं इसके लिए योग्य शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिसका लिंक एनआईसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन की अन्तिम तिथि 20 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**खुदागंज, अमृत विचार :** पुलिस ने एक मुकदमें फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना के उप निरीक्षक टीकम सिंह ने बताया कि 06 मार्च को गांव भुंडा हरवंशपुर में एक व्यक्ति को लाठी से पीटकर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी 09 मार्च को मौत हो गयी थी। पुलिस ने गैर इरादन हत्या में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा तरमीम किया था। पुलिस ने फरार आरोपी रंजीत सिंह निवासी भुंडा हरवंशपुर थाना खुदागंज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### दौरा आने से युवक गिरकर घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अप लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस से दोपहर को एक युवक प्लेटफार्म एक पर उतरा। उसे महिला टीटीई ने बिना टिकट पकड़ लिया। टीटीई युवक को कार्यालय में ले गईं। उससे किराया और जुर्माना अदा करने के लिए कहा गया। युवक ने टीटीई से कहा कि अपनी मां से फोन पर बात कर लूं। वह मां से फोन पर बात कर रहा था। अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से जमीन पर गिर गया और सिर में पीछे चोट लगने पर एक स्थान पर खून निकलने लगा। इस दौरान रेलवे के डॉक्टर को बुलाकर उसकी मरहम पट्टी कराई। उसकी मां कार्यालय में आई और मां के सुपुर्द कर दिया। चौक कोतवाली क्षेत्र का केरूगंज का रहने वाला था।

### किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ मजदूरी करने गया था। जहां वह रहते थे, वहां बुलन्दशहर का धर्मेंद्र भी रहता था। आरोप है कि 30 मार्च को आरोपी धर्मेंद्र अपने साथी ललित कुमार के साथ चार पहिया वाहन से उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अगवा करके ले गया। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला बुलंदशहर का है और रिपोर्ट की कापी बुलंदशहर भेजी है।

# युवाओं को दिए गए सुरक्षा किट व प्रमाण पत्र

- सड़क सुरक्षा मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण, ब्लैक स्पॉट का भी किया गया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं और आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से माय भारत की ओर से सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण माय भारत कार्यालय में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एआरटीओ शाहजहांपुर और ट्रैफिक पुलिस विभाग के समन्वय से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सीओ यातायात संजय कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, संभागीय निरीक्षक विकास यादव, माल एवं कर अधिकारी आरपी गौतम और टीएसआई विनय पांडेय ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में बड़ी मदद मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा किट, जैकेट, हेलमेट, टॉर्च, ट्रैफिक बटन सहित आवश्यक उपकरण और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। संभागीय निरीक्षक विकास यादव और माल एवं कर अधिकारी आरपी गौतम ने माय भारत स्वयंसेवकों को विभिन्न यातायात नियमों, सड़क संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग के दुष्प्रभाव तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में जिम्मेदारी, नेतृत्व और सामाजिक सेवा की भावना का विकास होता है। टीएसआई विनय पांडेय ने युवाओं को नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए जागरूक करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा स्वयंसेवक सड़क सुरक्षा मित्र के रूप में समाज में लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेंगे और सुरक्षित सड़क संस्कृति को बढ़ावा देंगे। प्रशिक्षण के बाद सभी स्वयंसेवकों को दुर्घटना स्थल अध्ययन के अंतर्गत नगरिया मोड़ ब्लैक स्पॉट और आसपास के स्थलों का भ्रमण कराया गया, जहां सड़क सुरक्षा से जुड़ी व्यवहारिक समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान अमित श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, वैष्णवी सक्सेना, रुद्र प्रताप, देवेश कुमार, सूरज शर्मा, नीतीश यादव, मोहम्मद अमन, हिमांशु सक्सेना, अनूप कुमार, रामबहोरे, साहिल खान सहित माय भारत के स्वयंसेवक तथा एआरटीओ कार्यालय और ट्रैफिक पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा मित्रों को प्रशिक्षण देते अधिकारी और मौजूद युवा स्वयंसेवक।

# कोल्ड स्टोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला में कुमार फूड कोल्ड स्टोर का औचक निरीक्षण कर वहां आलू के भंडारण, सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मौजूद विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आलू किसानों को भंडारण के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के समय कहा गया कि प्रदेश सरकार किसी भी स्थिति में आलू किसानों का अहित नहीं होने देगी और जिम्मेदारी के साथ उनके आलू का भंडारण कराया जाएगा। यदि आलू का उत्पादन अधिक होता है तो आसपास के जिलों में भी आलू के भंडारण की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोल्ड स्टोर में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर पर रोक से व्यापारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कमर्शियल गैस सिलेंडर पर रोक के बाद व्यापारियों को हो रही परेशानी को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की। व्यापारियों ने गैस की कालाबाजारी रोकने, नया हेल्पलाइन नंबर जारी करने और होटल-रेस्टोरेंट के लिए व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि गैस एजेंसियों की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पिछले 25 दिनों से काम नहीं कर रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि होटल और रेस्टोरेंट से जुड़े व्यापारियों को व्यावसायिक सिलेंडर नहीं मिलने से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है, इसलिए इस समस्या का जल्द समाधान किया जाना चाहिए। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गैस की कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाने की भी मांग की और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया और प्रभावी हेल्पलाइन नंबर जारी करने की आवश्यकता जताई, जिससे लोग आसानी से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकें। दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि गैस एजेंसियों की बिक्री पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। दो दिवसीय निरीक्षण के दौरान टीम को किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली। इसके बावजूद उपभोक्ताओं की शिकायतें मिल रही हैं कि ई-केवाईसी कराने के बाद पाइप लेने का दबाव बनाया जा रहा है और कई मामलों में सिलेंडर डिलीवर दिखाए जाने के बावजूद उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच रहे हैं।

# टीम ने लिया योजनाओं का फीडबैक

- जल जीवन मिशन की योजनाओं का टीम ने किया आकलन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रभाव जानने के लिए महात्मा ज्योतिवाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली की टीम ने जिले के तीन राजस्व ग्रामों में पहुंचकर विस्तृत आकलन किया।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 12 मार्च 2026 को जिला शाहजहांपुर के राजस्व ग्राम ढकिया राधा विकास खंड तिलहर तथा बचौरी और महाऊ दुर्ग विकास खंड सिंधौली में हर घर नल हर घर जल योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का प्रभाव आकलन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय की टीम ने योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित गांवों में पहुंचकर लोगों से बातचीत की। टीम में डॉ. अजय त्रिवेदी, डॉ. अफसाना, डॉ. निवेदिता त्रिवेदी, डॉ. रपपाम अली और डॉ. विश्वदीप सिंह के साथ सोशल वर्क विभाग के 25 छात्र शामिल रहे। जल निगम ग्रामीण शाहजहांपुर की ओर से सहायक अभियन्ता पंकज गंगवार, सहायक अभियन्ता दर्शन लाल, जूनियर इंजीनियर चैतन मिश्र, जिला समन्वयक दीपेंद्र सिंह, आईएसए-आईईसी कोऑर्डिनेटर स्वपनिल मिश्रा तथा सीबी एंड टी कोऑर्डिनेटर परवेज गंगवार मौजूद रहे। फर्म एनसीसी लिमिटेड शाहजहांपुर की ओर से कृष्णम राजू जेजीएम भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान टीम ने योजना के तहत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों का भी दौरा किया और वहां विद्यार्थियों व शिक्षकों से बातचीत कर योजना से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। सोशल वर्क के छात्रों ने घर-घर जाकर लाभार्थियों से मुलाकात की और योजना शुरू होने के बाद उनके जीवन में आए बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी जुटाई। बातचीत के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सुधार, सामाजिक व्यवहार में बदलाव, रोजगार के अवसरों में वृद्धि, शिक्षा की स्थिति तथा महिलाओं की भूमिका में आए परिवर्तन जैसे विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। भ्रमण के दौरान सभी राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित पाई गई और ग्रामीणों ने योजना से मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी दी।

# स्टेट हाईवे चौड़ीकरण का विधायक ने किया शिलान्यास

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने पटना देवकली से फर्रुखाबाद सीमा के गांव ककरकठा तक मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण का शिलान्यास किया।

शिलान्यास के बाद नगर पंचायत के मोहल्ला बालाजी नगर भर्रामई में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण के साथ ही थरिया परौर मार्ग समेत कई सड़कों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने क्षेत्र में पुलों का जाल बिछा दिया है, जिनका लोग कई वर्षों से इंतजार कर रहे थे। जिन गांवों में पहले रास्ता नहीं था वहां भी सड़कें बनवाई गई हैं, जिससे अब वाहन आसानी से पहुंच रहे हैं। पहले मार्ग न होने के कारण शादी-ब्याह तक में दिक्कत होती थी, लेकिन अब दूर-दूर तक रिश्ते होने लगे हैं। विधायक ने कहा कि कटरी क्षेत्र के गांव झकरेली और गोलागंज जैसे गांवों के लोगों को भी आने-जाने में परेशानी होती थी, अब वहां का रास्ता सुगम कर दिया है। इस दौरान जलालाबाद ब्लॉक प्रमुख लता सिंह के पति अमित सिंह, सुरजीत सिंह राठौड़, मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, कलान चेयरमैन हर नारायण गुप्ता, रामगोपाल वर्मा, पूर्व प्रधान कलान भाजपा नेता विनय शर्मा समेत अन्य भी मौजूद रहे।

# गन्ना भुगतान को लेकर किसानों का प्रदर्शन

- मकसूदापुर चीनी मिल प्रबंधन का पुतला फूंका, 10 दिन की चेतावनी
- भुगतान न मिलने से किसान खाद बीज और इलाज तक को परेशान

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के कार्यकर्ताओं ने मकसूदापुर स्थित बजाज चीनी मिल प्रबंधन पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और मिल प्रबंधन का पुतला फूंका।

शुक्रवार को संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता मकसूदापुर पहुंचे और मिल प्रबंधन के खिलाफ विरोध जताया। मनजीत सिंह ने कहा कि मिल प्रबंधन की ओर से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। किसान अपने गन्ने का पैसा भीख की तरह मांगने को मजबूर है, फिर भी उसे भुगतान नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि भुगतान न मिलने से किसानों को खाद, पानी, बीज और बीमारी तक के खर्च के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मकसूदापुर चीनी मिल की ओर से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान दस दिनों के भीतर नहीं किया गया तो संगठन और किसान मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान युवा तहसील अध्यक्ष निरंकार सिंह, सुरजीत सिंह, जगतार सिंह, कुंवरपाल, सियाराम, मनीराम, प्रवीण और गौरव शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मकसूदापुर में चीनी मिल प्रबंधन का पुतला फूंकते भाकियू अराजनैतिक गुट के कार्यकर्ता।

# प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक यातायात का दिया प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संचालित सड़क सुरक्षा मित्र योजना के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सीओ यातायात संजय कुमार ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित यातायात व्यवहार, अपनाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी, जिससे युवाओं में जागरुकता आए और वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। इस अवसर सभी को प्राथमिक चिकित्सा किट, जैकेट, हेलमेट, टार्च, ट्रैफिक बटन आदि जरूरी उपकरण सहित प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

सीओ यातायात ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में मदद मिलती है। संभागीय निरीक्षक विकास यादव व गाल एवं कर अधिकारी आरपी गौतम ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। टीएसआई विनय पांडे ने कहा कि नशे में वाहन चलाए, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। इस अवसर अमित श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, आकांक्षा मिश्रा, वैष्णवी सक्सेना, देवेश कुमार, नीतिश कुमार, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

# बैठक में नियम निरस्त करने की उठाई मांग

- आरटीई से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता का विरोध
- पोस्टकार्ड और मेल भेजकर सरकार तक पहुंचाई जा रही मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की जिला बैठक रोटी गोदाम में आयोजित की गई। बैठक में आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग उठाई गई।

बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय ने कहा कि भारत सरकार शिक्षकों की सेवा शर्तों पर अनावश्यक नियम न थोपे। उन्होंने कहा कि एनसीटीई की ओर से अगस्त 2027 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23-2 में संशोधन कर सभी शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करने का जो नियम जोड़ा गया है, उसे निरस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों से बना अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ इस निर्णय के विरोध में आंदोलन का ऐलान कर चुका है। आंदोलन के प्रथम चरण में पाती अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, प्रधान न्यायाधीश और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोस्टकार्ड भेजे जा रहे हैं और ईमेल भी किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनीस अहमद ने सभी संगठनों से अधिक से अधिक पोस्टकार्ड भेजने के प्रयास जारी रखने पर जोर दिया।

अटेवा के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा ने शिक्षकों से पोस्टकार्ड और ईमेल के माध्यम से अभियान में जुड़कर इसे सफल बनाने की अपील की। बैठक में सभी संगठनों के ब्लॉक अध्यक्षों को अपने-अपने ब्लॉक में शिक्षकों को एकत्रित कर पोस्टकार्ड भेजने की योजना बनाकर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित ने किया। बैठक में बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, अटेवा के जिला कोषाध्यक्ष विनोद कश्यप, धनपाल, रामकुमार कैप्टन, नरेंद्र मौर्य, अनिल पाठक, विक्रांत मिश्रा, राजेश पांडेय, शशांक शेखर बाजपेई, वेद वर्मा, मनोज मलिक, अभिषेक गंगवार और सचिन सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।



रोटी गोदाम में आयोजित शिक्षक संगठनों की बैठक में मौजूद पदाधिकारी और शिक्षक।

# रामगंगा पर पक्के पुल की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार :** रामगंगा नदी पर पक्का पुल बनवाने की मांग को लेकर गुरुवार को समाजसेवी और जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर ने परौर के मंझा घाट पर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

अभियान के दौरान क्षेत्र के लोगों से पुल निर्माण के समर्थन में हस्ताक्षर कराए गए और बताया गया कि इन हस्ताक्षरों के साथ प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रामगंगा नदी पर पक्का पुल न होने के कारण बरसात के मौसम में आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है और लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर दूसरे रास्तों से गुजरना पड़ता है। इससे मरीजों, छात्रों और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रामकुमार राठौर ने कहा कि यदि मंझा घाट पर पुल बन जाता है तो क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और शिक्षा, चिकित्सा, कृषि तथा व्यापार को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से पुल की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिलते रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान के दौरान सुनील कुमार गौतम, नरेंद्र सिंह, रामनिवास सिंह, श्रीकृष्ण, अभिषेक कुमार सिंह, भाग सिंह, दीपेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह और प्रभात सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शनिवार | रविवार |
| सुन्नी : 06:23 | सुन्नी : 04:57 |
| शिया : 06:30 | शिया : 04:50 |

# पुलिस में भर्ती कराने का झांसा देकर युवक से 2.88 लाख ठगे

## अमरोहा के तीन आरोपियों ने ऑनलाइन मंगाए रुपये, धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने मोबाइल कर लिया स्विच ऑफ

**अमृत विचार:** पुलिस विभाग में भर्ती कराने का झांसा देकर युवक से 2 लाख 88 हजार 500 रुपये ठगने का मामला सामने आया है। बंडा थाना क्षेत्र के गांव कुईया महोलिया निवासी रणजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अमरोहा जिला के तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

रणजीत सिंह ने बताया कि उसका छोटा बेटा संदीप सिंह बरेली में रहकर पढ़ाई करता है। वर्ष 2023 में वह एसएससी जीडी का पेपर देने मुरादाबाद गया था। वहीं उसकी मुलाकात नगला मस्जिद जिला अमरोहा निवासी उरमान से हुई। उरमान ने उससे दोस्ती कर खुद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बताया और भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत दीक्षित से जुड़े होने की बात कही। इसके बाद आरोपी फोन पर बातचीत करने लगा और सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया।

आरोपी ने कहा कि वह अपने कोटे से नौकरी लगवा देगा और इसके लिए 6 लाख 50 हजार रुपये की मांग की। उसने यह भी दावा किया कि वह दिल्ली पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और बैंक में कई लोगों की नौकरी लगवा चुका है। रणजीत सिंह ने उसकी बातों पर विश्वास कर लिया और उसे अपने घर बुला लिया। आरोप है कि उरमान अपने भाई मुजाहिद हुसैन के साथ ब्रीजा कार से उसके घर आया और कहा कि जो रुपये लिए जाएंगे उनका चेक दिया जाएगा। बाद में दोनों पक्षों में 6 लाख 50 हजार रुपये में बात तय हो गई। इसके बाद दिसंबर 2024, मार्च 2025 और अप्रैल 2025 में आरोपी ने कुल 2 लाख 88 हजार 500 रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए।

पीड़ित के अनुसार जब भर्ती की तिथि निकल गई तो उसने रुपये वापस मांगे, लेकिन आरोपी टालता रहा। आरोपी ने 5 जनवरी 2026 को रुपये लौटाने की बात कही, लेकिन बाद में फोन उठाना बंद कर दिया और मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। इसके बाद पीड़ित ने बंडा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने उरमान, मुजाहिद हुसैन और मोहम्मद आरिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आरोपियों ने ऐसे झांसा देकर रकम ऐंठी

आरोपी ने पहले युवक से दोस्ती की और खुद को राजनीतिक पदाधिकारी बताते हुए प्रभावशाली लोगों से जुड़े होने का दावा किया। इसके बाद सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया और विश्वास जीतने के लिए कई विभागों में भर्ती कराने की बात कही। इसी भरोसे के आधार पर आरोपी ने किस्तों में खाते में रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित के अनुसार जब भर्ती की निर्धारित तिथि निकल गई तो उसे ठगी का शक हुआ। उसने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। इसके बाद पीड़ित ने बंडा थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

### उधार लिए जेवर के 6.90 लाख रुपये हड़पे

मोहल्ला दिलावरगंज निवासी मुनेश वर्मा ने बताया कि वह चौक में मुनेश ज्वैलर्स के नाम से सोने-चांदी के आभूषणों का कारोबार करता है। उसके पुराने परिचित रुपेंद्र शुक्ला निवासी रंगमहला की जिम्मेदारी पर पारुल कटियार पत्नी प्रशांत, प्रशांत कटियार और रामू कटियार निवासी रंगमहला को अलग-अलग तिथियों में कुल 10 लाख 73 हजार रुपये के सोने-चांदी के आभूषण उधार दिए थे। आरोप है कि आरोपियों ने इसमें से 3 लाख 83 हजार रुपये दे दिए, जबकि शेष 6 लाख 90 हजार रुपये बाद में देने की बात कही। काफी समय बीतने के बाद भी आरोपियों ने रुपये नहीं लौटाए। व्यापारी की ओर से रुपये का तगादा करने पर आरोपी आर्थिक तंगी का बहाना बनाकर टालते रहे। आरोप है कि 22 जनवरी 2026 की रात करीब आठ बजे पारुल, प्रशांत, जूली, ज्योति, मोनी और चार अन्य लोग रुपेंद्र शुक्ला के घर में घुस आए। उस समय रुपेंद्र शुक्ला, उनकी पुत्री नित्या और पत्नी कल्पना घर पर मौजूद थे। आरोपियों ने रुपेंद्र शुक्ला और उनके परिवार के साथ मारपीट की और दोबारा रुपये का तगादा करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। व्यापारी का आरोप है कि आरोपियों ने 6 लाख 90 हजार रुपये के जेवर हड़प लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## नाबालिग के जहर खाकर जान देने के मामले में प्रेमी गिरफ्तार

**खुटार, अमृत विचार :** प्रेमी के पिता की धमकी से आहत नाबालिग के जहर खा कर जान देने के मामले में प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

धनसिंहपुर गांव निवासी पूजेश पांडेय का गांव की नाबालिग राजनी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों 6 मार्च को घर से चले गए थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों घर वापस आ गए थे। दोनों अलग-अलग जाति के होने के कारण पुजेश के परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हुए थे। 8 मार्च की रात्रि में पुजेश पाण्डेय के पिता प्रदीप पाण्डेय ने नाबालिग के घर में घुस कर जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी से आहत राजनी ने 9 मार्च को जहरीला पदार्थ खा लिया था। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस राजनी के पिता जयवीर की तहरीर पर दर्ज मुकदमा में जान से मारने की धमकी व आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराएं बढ़ाते हुए मामले की जांच कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पुजेश पाण्डेय मैलानी रोड पर प्रसादपुर भट्ठा के पास के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। और घेराबंदी कर पुजेश पाण्डेय को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जयंती पर याद किए गए शिवदयाल चौरसिया



सपा कार्यालय में शिवदयाल चौरसिया की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शिवदयाल चौरसिया पूर्व सांसद राज्यसभा की जयंती जिला मुख्यालय पर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें याद किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने की।

गोष्ठी में शिवदयाल चौरसिया के सामाजिक और राजनीतिक योगदान पर चर्चा की गई। सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद हुए सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों के इतिहास में अनेक ऐसे व्यक्तित्व हुए जिन्होंने सत्ता के शिखर पर रहकर नहीं बल्कि वंचित समाज के बीच रहकर इतिहास की दिशा बदली। ऐसे ही व्यक्तित्व शिवदयाल सिंह चौरसिया थे जिनका जीवन स्वतंत्रता पूर्व भारत से लेकर संविधान के बाद के भारत तक सामाजिक समानता, विधिक न्याय और बहुजन अधिकारों के संघर्ष का जीवंत दस्तावेज है। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि शिवदयाल सिंह चौरसिया केवल एक सफल वकील, सांसद या संवैधानिक संशोधनकर्ता ही नहीं थे बल्कि वह एक विचार, एक आंदोलन और एक चेतना थे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू, सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नेता दोद राम वर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हाफिज अंसारी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 मार्च को राजकीय पॉलीटेक्निक में लगेगा रोजगार मेला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 मार्च को राजकीय पॉलीटेक्निक ददरौल में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 40 कंपनियां भाग लेंगी और 2000 से अधिक रिक्तियों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, जीटीआई और बीटेक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर समस्त शैक्षिक और तकनीकी प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, बायोडाटा और फोटोग्राफ के साथ 18 मार्च को सुबह 10 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में पहुंचकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

### संतान नहीं होने पर पत्नी को घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा में संतान न होने पर पति ने पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। पत्नी थाना पर पहुंची और पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कटरा थाना क्षेत्र के गांव पट्टी बख्श निवासी अनीता गंगवार पत्नी प्रदीप कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी शादी को करीब 15 साल हुए है। उसकी कोई संतान नहीं है। पति उसे दोषी ठहराते हुए लगातार पीटता है। आरोप है कि शुक्रवार की सुबह पति ने उसे बेल्ट से पीटा और घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। उसके पति से पूछताछ की जा रही है।

# दुपट्टे से लटका मिला बुजुर्ग का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शहर के मोहल्ला कटिया टोला का मामला
- खाना देने आई बेटी ने देखा, बेटे ने सुबह फोन पर की थी बात

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कटिया टोला में ओसीएफ कर्मी का शव कमरे में फंदे से दुपट्टे से लटका हुआ मिला। जब एक लड़की खाना के टिफिन देने के लिए आयी तो जानकारी हुई। उसके बेटे लखनऊ से सुबह फोन पर बात की थी और कुछ नहीं बताया था। पत्नी की मौत के बाद डिप्रेशन में रहते थे।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटिया टोला निवासी 59 वर्षीय दिलीप कुमार ओसीएफ में टेलर के पद थे। गुरुवार को ड्यूटी नहीं गए थे। उनके भाई दीपक दो मंजिल पर रहते थे। ओसीएफ कर्मी एक मंजिल पर नीचे अकेले रहते थे। उनका बेटा अंकुर लखनऊ में रहता है। वह खाना का टिफिन मंगाते थे। गुरुवार की रात साढ़े आठ बजे लड़की खाना का टिफिन लेकर गयी तो चैनल में ताला बंद था। उसने चैनल खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आयी और चैनल के पास पर्दा पड़ा हुआ था। उसने उनके भाई को आवाज लगायी। वह नीचे उतरकर आए तो देखा कि दिलीप का शव कुंडे से लटका हुआ था। सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। उनका बेटा अंकुर रात ही में लखनऊ से यहां आ गया। उन्होंने बताया कि मम्मी सतना का दो साल पहले निधन हो गया था। मम्मी के निधन के बाद वह डिप्रेशन में रहते थे और किसी से ज्यादा बात नहीं करते थे। उन्होंने पापा से सुबह फोन पर बात की तो कुछ नहीं बताया था। उन्होंने शाम साढ़े सात बजे फोन लगाया तो घंटी जा रही थी और फोन नहीं उठा था। उनका कोई आरोप नहीं है। सदर बाजार पुलिस ने ओसीएफ कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत हुई है।

# 14,802.53 करोड़ की वार्षिक ऋण योजना को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति डीसीसी और जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए जिला की वार्षिक ऋण योजना पर चर्चा करते हुए 14,802.53 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई।

बैठक में बताया गया कि इस बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 8,948.29 करोड़ रुपये तथा लघु और मध्यम उद्योग क्षेत्र के लिए 3,684 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 28.38 प्रतिशत अधिक है। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मत्स्य पालन और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में जिला का सीडी रेशियो 85.81 प्रतिशत होने पर संतोष व्यक्त किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ से उपस्थित प्रतिनिधि नम्रता किरण मेहता ने भी जिला में बैंकिंग कार्यों की प्रगति की सराहना की। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक आरआर तिवारी, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक रवि शर्मा, डीडीएम नाबार्ड प्रवेश कुमार गंगवार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य पूरनलाल, जिला उद्योग केंद्र के उपयुक्त संजय कुमार सिंह, पीओ नेडा राम आधार और अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### बैठक में 25 मार्च को काला दिवस मनाने का लिया निर्णय

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश की बैठक अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के अध्यक्ष पीके शर्मा की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 मार्च 2026 को जिला और मंडल मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया जाएगा। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के प्रांतीय संयोजक एनपी त्रिपाठी, शाहजहांपुर से संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति जिला शाहजहांपुर के जिला संयोजक अतुल कुमार गुप्ता, सह संयोजक हरिश्चंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार और मंत्री दिनेश चंद्र सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए।



### उतरते समय ट्रेन की चपेट में आकर महिला की जान गई

**खुटार, अमृत विचार :** सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के गांव नवदिया ओरिलाल निवासी राजेंद्र अपनी पत्नी कमला 60 वर्ष व अन्य परिजनों के साथ मां पूर्णागिरी धाम दर्शन के लिए गए थे। गुरुवार को सभी लोग पीलीभीत लखनऊ पैसेंजर ट्रेन से वापस आ रहे थे। शाम 7 .30 बजे ट्रेन से क्षेत्र की सीमावर्ती, जिला पीलीभीत की हाल्ट अकेला हंसपुर उतर रहे थे। ट्रेन से उतरते समय महिला का पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आ गई। जिससे उसका एक पैर कट गया। पूरनपुर स्थित सीएचसी पर मौत हो गई।



### बुजुर्ग को पीटा, बनाया मुर्गा

**शाहजहांपुर/पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां थाना क्षेत्र के गांव नाहिल के एक पक्ष ने 5 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि गांव के कुछ लोग ब्राह्मण समाज को गाली दे रहे थे। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद गांव के रहने वाले बुजुर्ग लालू पर वादी पक्ष ने आरोप लगाया था कि लालू ने आरोपियों की मदद की है। शुक्रवार को वादी पक्ष के लोग एक गली में खड़े थे। तभी वहां से लालू निकला तो लोगों ने उसे रोक लिया और मारपीट करते हुए मुर्गा बनाया। उसके बाद बुजुर्ग का सिर अपने पैरों पर रखकर माफी मंगवायी। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि एक वीडियो संज्ञान में आया है। संबंधित थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।




### सर्वर डाउन से बुकिंग ठप

**तिलहर, अमृत विचार :** नेटवर्क समस्या के चलते एलपीजी गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग प्रभावित हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार सुबह से तिलहर इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। उपभोक्ताओं को बुकिंग स्लिप कटवाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। जो उपभोक्ता लाइन में लगकर बुकिंग स्लिप प्राप्त कर पाए उनके चेहरे पर राहत और खुशी दिखाई दी। व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने नाराजगी जताते हुए कहा कि गैस सिलेंडर बुकिंग सर्वर डाउन होने से व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## एसपी ने कर्मचारियों के साथ लगाई दौड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार को परेड की सलामी ली। परेड को अनुशासनात्मक व्यवस्था, पुलिस बल की वर्दी की साज-सज्जा, टर्न आउट तथा शारीरिक दक्षता का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। इसके आद एसपी फोर्स के साथ पुलिस लाइन मैदान में दौड़ लगाकर शारीरिक फिटनेस बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा तथा उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में बैरक, मैस, सरकारी आवास आदि का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। मैस में भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता का जायजा किया।

## महिला से अश्लील हरकत की, शिकायत

**खुदागंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गैली निवासी युवक पर अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महिला के अनुसार वह गांव के पास खेतों की ओर जा रही थी, उसी दौरान गैली गांव का एक युवक वहां घूम रहा था। आरोप है कि युवक ने अश्लील बातें करना शुरू कर दिया और नग्न अवस्था में उसके पीछे-पीछे दौड़ने लगा। महिला ने किसी तरह अपनी इज्जत बचाते हुए वहां से निकलकर घटना की जानकारी दी। बाद में पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर से पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का किया वर्णन

## चित्रा टाकीज में भागवत कथा के छठे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, कथा का कराया रसपान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



चित्रा टाकीज में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चित्रा टाकीज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास डॉ. दामोदर दीक्षित ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। कथा के क्रम में उन्होंने आत्मा और परमात्मा के मिलन तथा महारासलीला का वर्णन करते हुए रजोगुण की निवृत्ति का महत्व बताया।

इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा प्रवेश की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि अक्रूर भगवान श्रीकृष्ण और बलराम को मथुरा पहुंचाकर वापस लौट गए। कथा के दौरान दर्जी को भक्ति प्रदान करने, माली से मिलकर उसके द्वारा भगवान को माला पहनाने और भगवान की कृपा से उसे धन्य होने की कथा भी सुनाई गई। आगे कथा में कुब्जा प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि कुब्जा कंस को तिलक लगाने का कार्य करती थी। भगवान श्रीकृष्ण ने उसे बुलाकर चंदन लगाने को कहा। कुब्जा ने सभी को चंदन लगाया तो भगवान ने कृपा करके उसके पैर पर पैर रखकर ठोड़ी ऊपर उठाई, जिससे वह परम सुंदरी बन गई। कथा में आगे बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण कंस के दरबार में पहुंचे, जहां कंस ने मल्लयुद्ध के बहाने दोनों भाइयों को मरवाने की योजना बनाई थी। भगवान ने पहलवानों को परास्त कर कंस के आसन तक पहुंचकर उसका अंत कर दिया और कारागार में बंद माता देवकी व वसुदेव को मुक्त कराया। इसके साथ ही नाना उग्रसेन को भी जेल से मुक्त कर पुनः राज सिंहासन पर बैठाया। कथा में आगे बताया गया कि गर्गाचार्य की आज्ञा से श्रीकृष्ण और बलराम संदीपन ऋषि के आश्रम में विद्यार्जन करने पहुंचे, जहां उनकी मित्रता ब्राह्मण बालक सुदामा से हुई। गुरुकुल से लौटने के बाद उद्धव को वृंदावन भेजे जाने की कथा भी सुनाई गई, जिससे उनके ज्ञान के अहंकार का निवारण हो सके। कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह, रासलीला और प्रद्युम्न के प्रकट होने तथा शंबरासुर वध की कथा भी सुनाई गई। भगवान पर मणि चोरी का असत्य आरोप लगने और बाद में उस मणि को खोजकर सत्य स्थापित करने का प्रसंग भी सुनाया गया। सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा प्रारंभ होने से पहले पुरोहित अनंतराम की ओर से मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने देव पूजन किया और मंचासीन कथा व्यास तथा संतों-विद्वानों का माला और चंदन से स्वागत किया। कार्यक्रम में रमेश त्रिपाठी, प्रसून त्रिपाठी और रामबली ने संगीत के साथ हनुमान चालीसा और भजन प्रस्तुत किए। रायबरेली से आए स्वामी ज्योतिर्मयानंद, पटना से आए स्वामी सत्यानंद, रामदुलारे त्रिगुणायत, सुमन, राजेश और संचालक आचार्य रामानंद दीक्षित ने आशीर्वचन दिए और संक्षिप्त प्रवचन किया। बिठूर से आई साध्वी रमा मिश्रा की भी पावन उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ध्रुव नारायण मेहरा, सुधा मेहरा, सोमनाथ कपूर, सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना, चंद्रशेखर खन्ना धीरू खन्ना, रोली खन्ना, रागिनी खन्ना, डॉ. राम मेहरोत्रा सहित अनेक भक्तों का सहयोग रहा। अंत में सायं आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा को दिवस विश्राम दिया गया। आयोजकों ने बताया कि शनिवार को कथा का सप्तम दिवस दो सत्रों में आयोजित होगा, जिसमें प्रातः 8 बजकर 30 मिनट से 11 बजकर 30 मिनट तक तथा सायं 3 बजकर 30 मिनट से 6 बजकर 30 मिनट तक कथा होगी।

### गोवर्धन पूजा से भगवान कृष्ण ने दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्रीबालाजी मानस सेवा समिति की ओर से रामनगर कॉलोनी स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास आचार्य अंकुर शुक्ल ब्रजराजदासदास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का विस्तृत वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद कंस उन्हें मारने के लिए अपने राज्य की शक्तिशाली राक्षसी पूतना को भेजता है। आचार्य अंकुर शुक्ल ब्रजराजदासदास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पूजा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया कि जब तक पर्वत, पेड़-पौधे, वन और उपवन सुरक्षित रहेंगे तब तक मनुष्य भी स्वस्थ और प्रसन्न रहेगा। आचार्य अंकुर शुक्ल ब्रजराजदासदास, श्रवण शास्त्री, आचार्य मानव शुक्ला, अखिलेश सक्सेना, चंद्रमोहन, मनोज बाजपेई, लाजपत राय बत्रा, दिनेश गोगिया, राजकुमार, श्याम कपूर, बिन्नू गोपाल सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे और कथा का आनंद लिया।

## लेखपाल की मौत मामले में हर पहलु पर हो रही जांच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी अमरदीप सक्सेना तिलहर तहसील के गढ़िया रंगीन क्षेत्र में लेखपाल के पद कार्यरत थे। वह ड्यूटी से शाम को घर लौटे थे। कुछ देर रुकने के बाद सरकारी काम से घर से निकल गए थे। वह सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोक्षधाम रेलवे फाटक के निकट पहुंचे। उस समय फाटक बंद था। बरेली की तरफ से गुवाहाटी एक्सप्रेस आ रही थी। वह फाटक क्रॉस करके पटरी के किनारे खड़े हो गए थे। अचानक गुवाहाटी एक्सप्रेस की चपेट में आकर धड़ दूर जाकर गिरा। उनकी मौके पर मौत हो गयी थी। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि लेखपाल की मौत में हर पहलुओं से जांच की जा रही है। उसका मोबाइल की सीडीआर निकलवायी जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है।

# कुरआन की तिलावत का पहला दौर पूरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



हाफिज नदीम रजा को सम्मानित करते कमेटी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान में मस्जिदों में तरावीह का पहला दौर मुकम्मल होने का सिलसिला जारी है। इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों में हाफिजों का नकद इनाम और तोहफे भी मिल रहे हैं। मस्जिदों को शानदार ढंग से सजाया गया है। मोहल्ला बाबू जई स्थित मस्जिद सैयद फखरे आलम मियां में 22वीं तरावीह में हाफिज मोहम्मद नदीम रज़ा ने कुरआन की तिलावत का पहला दौर पूरा किया। इस बीच मस्जिद कमेटी ने हाफिज मुहम्मद नदीम रजा कादरी को नकद पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में हाफिज नदीम रज़ा ने कहा कि मुकद्दस रमजान में अल्लाह अपने बंदों को बहुत ईनाम से नवाजता है। हर मुसलमान को रमजान में खूब इबादत करना चाहिए। इस दौरान रेहान कादरी, गुलज़ार अहमद, बब्बन रज़ा कादरी, ने नातिया कलाम पेश किया। मुल्क में अमन व खुशहाली के लिए दुआ की गई। मस्जिद कमेटी ने इमाम हाफिज मुहम्मद नदीम रजा का गुलपोशी कर स्वागत किया और नकद पुरस्कार व उपहार भेंट किए। लोगों में मिठाइयां बांटी गईं। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सैयद हसीन मियां, सचिव हकीम सैयद नूर मियां, हाफिज आज़म, हाफिज अहसान, इम्तियाज हुसैन गुड्डू, मोहम्मद असलम, तैमूर आलम, तौफीक अहमद, सैयद अहद मियां, वसीम, सैयद शारिक मौजूद रहे।

**मस्जिद नेमत शाह वली में जश्न ए ख़त्म कुरआन का आयोजन :** मस्जिद नेमत शाह वली में 23 वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल

मोहल्ला ऐमन जई जलाल नगर स्थित मस्जिद नेमत शाह वली में 23 वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर जश्न का आयोजन किया गया। जिसका आगाज मस्जिद के इमाम मौलाना आदिल रजा नूरी ने कुरआन की तिलावत से किया। मौलाना निजामुद्दीन ने रमजान के महीने की फजीलत बयान करते हुए बताया कि रमजान रहमतों और बरकतों का महीना है। मोहम्मद असलम ने नात सुनाई। इस मौके पर कुरआन सुनाने वाले हाफिज मोहम्मद रेहान व मस्जिद के इमाम मौलाना आदिल रजा नूरी व मोअज्जिन मुल्तान खां को मस्जिद कमेटी तथा अन्य लोगों ने नजराने व तोहफे पेश किए। मौलाना निजामुद्दीन ने मुल्क में अमन और खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर मस्जिद सदर शब्बन खां, जाहिद हुसैन, अरशद खां, अशरफ अली, शाहिद, शादाब, कमाल खां, वसीम निजामी, शाहनवाज अख्तर, नदीम, हारून, आतिफ खां, अदीब रजा, रजा हुसैन, ज़क्कू मियां, दानिश, डा इरशाद इन्ना, अर्श रजा मौजूद रहे।

### महिला को जान से मारने की दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला हयातपुरा निवासी महक ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 10 मार्च की सुबह साढ़े 10 बजे घर की सफाई कर रही थी। पानी से धुलाई करते समय कुछ छीटे पड़ोसी की दीवार पर पड़ गयी। पड़ौसी नाराज हो गए और उसके घर में घुस गए। आरोपी गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी रवि, नेमवती, अंजली, शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा,
शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

### दो स्थानों से दो बाइकें चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां के मोहल्ला तिराहा बाजार निवासी सुशील कुमार ने बताया कि 10 मार्च की रात में आठ बजे ककराहा मोड़ पर बाइक खड़ी करके लघुशंका करने के लिए चला गया। वह लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। इधर पीलीभीत जिले के करेली थाना क्षेत्र के गांव भदेग निवासी अलोक सिंह ने बताया कि 20 दिन पूर्व रात आठ बजे शादी में एक मैरिज लान में पुवायां आया था। उन्होंने मैरिज लान के बाहर बाइक खड़ी कर दी। वह खाना खाकर लौटकर आए तो बाइक गायब मिली। उन्होंने तलाश किया और बाइक नहीं मिली। पुवायां पुलिस ने दोनों चोरी गई बाइक की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**निगोही, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव कुदिरना निवासी मंजेश ने बताया कि 09 मार्च को वह और उसकी माता फूलमती तथा चचेरा भाई आलोक कुमार बाइक से मोहम्मदी से अपने गांव वापस आ रहे थे। शाम को कटैया उस्मानपुर गांव के सामने दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। उसने अपनी मां को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया था। गुरुवार की शाम बरेली से लेकर आ रहे थे। उसकी मां की रास्ते में मौत हो गयी। उन्होंने थाना पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ब्लाक संसाधन केंद्र भावलखेड़ा में "हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राजाराम ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों में विकसित की गई बाल वाटिका में उपयोग किए जा रहे शिक्षण-अधिगम सामग्री से संबंधित विद्यालयों के लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और बच्चों की गतिविधियों की सराहना की।

इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी ने खूब सराहा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं शिक्षकों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सम्मानित किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा के आयोजकत्व में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राजाराम ने अपने संबोधन में कहा कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव ही उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, बाल विकास विभाग की मुख्य सेविकाएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

## शिक्षक, प्रधान व मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक और स्थानीय प्राधिकारी-निकाय की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम प्रभात कुमार राय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक विकास अधिकारी पंचायत रमेश चंद्र मिश्र मौजूद रहे। संगोष्ठी में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों के विकास और छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय समाज के निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इनके विकास में जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि ग्राम प्रधान, शिक्षक और प्रशासन यदि मिलकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें तो ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य मिल सकता है। राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा एनएमएमएस में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विकास खंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, सचिवों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया।









## प्रतिक्रिया

### आंवला सांसद मौर्या ने उठाई जांच की मांग

बायोगैस प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड ने योगी सरकार को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। दिन दहाड़े औद्योगिक क्षेत्र में अधिकारियों की हत्या बहुत ज्यादा गंभीर है। पुलिस की लापरवाही से घटना को अंजाम दिया गया। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस के निलंबन से कुछ नहीं होगा। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। इस मामले में गृह मंत्री का पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी। सपा न्याय दिलाएगी।
– **नीरज मौर्या**, सपा सांसद, आंवला

### पुलिस ने नहीं की ठोस कार्रवाई: प्रेमपाल

बहुत दुखद घटना है। पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की। जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए और प्लांट में घुसकर दोनों अधिकारियों की हत्या कर दी। घटना पुलिस और प्रशासन लापरवाही का नतीजा है। सपा पुलिस की भूमिका के साथ अपराधियों को संरक्षण देने वालों की भी जांच कराकर कार्रवाई की मांग करती है। – **प्रेमपाल यादव**, पूर्व विधायक

### उद्योग सुरक्षित नहीं तो जनता का क्या होगा?

प्लांट पर दिनदहाड़े अधिकारियों की हत्या बेहद दुखद और शर्मनाक है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सरकार के कानून व्यवस्था के दावे कितने खोखले साबित हो रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन की नाकामी भी साफ दिखाई दे रही है। जब बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता की सुरक्षा का क्या हाल होगा।– **आदित्य यादव**, सपा सांसद, बदायूं

# तमंचे दो, गोलियां भरपूर, 'नतीजे' की तैयारी करके आया था अजय

## डीजीएम सुधीर गुप्ता के सीने में दो गोलियां उतारीं, फिर तमंचा लोड कर एएम हर्षित मिश्रा को उड़ाया

- **डीजीएम के शरीर में दो, एएम के एक बुलेट निकला**
- **एचपी प्लांट में गोलीकांड से बदायूं पर लगा नया दाग**

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं



हमलावर अजय का फाइल फोटो।



मुठभेड़ के बाद जिला अस्पताल में भर्ती आरोपी।



मृतक डीजीएम सुधीर गुप्ता।



मृतक एएम हर्षित मिश्रा।



प्लांट के भीतर जाती जायजा लेने आए अधिकारियों की गाड़ियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कालचक्र कोई भी हो, गंगा-रामगंगा की गोद में बसे जिला बदायूं पर अपराधों के स्याह निशान हर बाद और ज्यादा गहरे होकर सामने आते हैं। 70, 80, 90 के दशक में अनगिनत दस्यु-डकैत गिरोहों का आतंक, जर्मनी की महिला पर्यटक से गैंगरेप, 2012 में हुए निर्भया कांड में हैवानियत की हदें पार करने वाले बदायूं के किशोर की गिरफ्तारी और 2014 में पूरे देश को हिला देने वाला कटरा सआदतगंज कांड जैसी मनहूस यादों में अब एचपीसीएल प्लांट में गोलीकांड भी जुड़ गया है। योगी सरकार ने अपेक्षाकृत पिछड़े दातागंज इलाके में रोजगार के अवसर पैदा करने लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित कराया था, लेकिन अपराधी मानसिकता के दबंग ने सरेआम प्लांट में घुसकर दो अफसरों को गोलियों से उड़ा दिया।

जांच में साफ हुआ है कि हमलावर अजय प्रताप सिंह दो तमंचे और भरपूर कारतूस लेकर प्लांट में दाखिल हुआ था। निकाले जाने के बाद भी प्लांट में उसकी हनक ऐसी थी कि किसी सुरक्षा गार्ड में उसे रोकने की हिम्मत नहीं हुई। अजय ने पहले डीजीएम सुधीर गुप्ता के सीने में एक तमंचे से गोली मारी। उसके बाद उसी तमंचे को लोड कर डीजीएम के गोली सीने में गोली उतारी दी। बेखौफ हमलावर ने फिर तमंचा लोड किया और भागने की कोशिश कर रहे सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा को भी गोली से उड़ा दिया। दोनों अफसरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बताया गया है कि हमलावर बेफिक्र होकर प्लांट से बाहर गया और नाटकीय रूप से पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

> प्लांट में हत्याएं करने वाले आरोपी से शुक्रवार तड़के पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें एक सिपाही को गोली लगी। जवाबी फायरिंग में आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी। आलाकत्ल तमंचा बरामद कर लिया गया है। दोनों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। आगे की जांच की जा रही है।
> –**डॉ. देवेंद्र कुमार**, सीओ दातागंज

पुलिस ने रात में ही वीडियोग्राफी के साथ दोनों अधिकारियों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लगा है कि दोनों अधिकारियों की मौत तीन गोलियों से हुई थी। उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता के सीने में दो गोली लगी और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा के पीठ में एक गोली लगी थी। सुधीर गुप्ता के सीने में दो गोलियां फंसी मिली हैं। हर्षित मिश्रा के पीठ के बाएं ओर मारी गई गोली उनके दिल को चीरती हुई पार निकल गई। अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्रूर हमलावर अजय सिंह कितनी तैयारी से प्लांट में खून-खराबा करने पहुंचा था। बड़ा सवाल ये है कि दो-दो तमंचे और भरपूर बुलेट उसके पास कहां से आए ? पुलिस फिलहाल आगे की पड़ताल में जुटी नजर आ रही है। सबकी निगाहें पुलिस पर टिकी दिख रही हैं।

# एचपीसीएल प्लांट बंद, मुंबई से पहुंचे सीईओ

- **अगली सूचना तक प्लांट से कर्मचारियों को भेजा गया वापस**
- **सीनियर अफसरों ने प्लांट के हालात पर रिपोर्ट तैयार की**
- **एसडीएम बोले, शनिवार से फिर शुरू कराया जाएगा प्लांट**

संवाददाता, दातागंज



हत्याकांड के बाद प्लांट पर तैनात किया गया पुलिस बल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट में दो अफसरों की दिनदहाड़े हत्या होने से कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। शुक्रवार को भी प्लांट बंद रहा। कर्मचारियों को अगली सूचना तक वापस भेज दिया गया है। पुलिस और पीएसी की सुरक्षा के बीच मुंबई से पहुंचे कंपनी के सीईओ समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को प्लांट का निरीक्षण किया। प्रशासन का कहना है कि शनिवार से प्लांट फिर शुरू करा दिया जाएगा।

प्लांट से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि डीजीपी सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा की सबके सामने गोली मारकर हत्या करने वाले पूर्व कर्मचारी अजय प्रताप सिंह का इलाके में दबदबा था। वह प्लांट पर अवैध वसूली करता था। प्लांट कर्मचारी उससे खौफ खाते थे। गोलीकांड के बाद से अधिकारी-कर्मचारियों में दहशत और बढ़ गई है। हर कोई डरा-सहमा नजर आ रहा है। असुरक्षित माहौल में कोई भी प्लांट में काम करने की स्थिति में नहीं है। इस वजह से प्लांट बंद कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों को अग्रिम सूचना तक वापस कर दिया गया। एचपीसीएल के मुंबई से आए सीईओ और अन्य अधिकारियों ने प्लांट के हालात भांपे और सुरक्षाकर्मियों से जरूरी जानकारी जुटाई। कर्मचारी खासे दहशत में दिख रहे हैं।

### पीआरओ वीरेंद्र तोमर को मिला थाने का चार्ज

लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने गुरुवार देर शाम प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार और हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया था। उनकी जगह पीआरओ वीरेंद्र तोमर को मूसाझाग का चार्ज दिया गया है। अफसरों का कहना है कि आरोपी अजय सिंह के खिलाफ डबल मर्डर मामले में अब पुलिस पार्टी पर हमले की धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी।

# डीजीएम सुधीर गुप्ता का जानी दुश्मन बन बैठा था अजय

- **जबरन प्लांट में आकर रौब जमाता था अजय सिंह**
- **पीड़ित परिवारों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



गुरुवार देर रात पोस्टमार्टम हाउस पर विलाप करते सुधीर गुप्ता के परिजन।

**अमृत विचार:** एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या का आरोपी अजय सिंह खुद को अपराधी नेटवर्क का हिस्सा बताकर पहले से वहां खौफ फैलाता रहता था। पूर्व में वह प्लांट के अंदर लक्ष्य पावरटेक कंपनी का कांट्रेक्ट कर्मचारी रहा था और पराली का ठेका भी लेता था। कई तरह की गड़बड़ियां और उसकी दबंगई के चलते उसे बाहर कर दिया गया था। फर्म भी ब्लैकलिस्ट भी हो गई थी। तभी से वह डीजीएम सुधीर गुप्ता का जानी दुश्मन बन बैठा था।

प्लांट कर्मचारियों का कहना है कि दबंग अजय सिंह जबरन प्लांट में आता था।। कई बार वह डीजीएम गुप्ता को आतंकित चुका था। उनकी कार का पीछा करता था और अंजाम भुगतने की धमकी देता था। उसके खिलाफ 4 फरवरी को थाना मूसाझाग में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन दबाव में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। डरे-सहमे डीजीएम सुधीर गुप्ता ने वीआरएस लेना पड़ा था और 31 मार्च को उनका प्लांट में आखिरी दिन था। एचपीसीएल ने मुंबई से लोकेश को सुधीर गुप्ता की जगह चार्ज लेने प्लांट भेजा था। जिस समय सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की हत्या हुई, नए डीजीएम लोकेशन प्लांट के अंदर ही मौजूद थे। गोलीकांड से वह इतना घबरा गए कि पुलिस सुरक्षा में बदायूं से बरेली एयरपोर्ट जाकर मुंबई लौट गए हैं।

जांच में लापरवाही सामने आने पर थाना मूसाझाग प्रभारी व हल्का इंचार्ज सस्पेंड किए जा चुके हैं। हत्याकांड का शिकार हुए डीजीएम सुधीर गुप्ता नोएडा के रहने वाले थे, जबकि एएम हर्षित मिश्रा का परिवार पीलीभीत के पूरनपुर कस्बे में निवास करता है। घटना का पता होते ही रोते-बिलखते बदायूं पहुंचे दोनों अफसरों के परिजनों ने पुलिस के साथ एचपीसीएल के सीजीएम राजीव सिंह की भूमिका संदिग्ध बताते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है।

> प्लांट में दो अधिकारियों की हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपी अजय ने पूछताछ में आरोपी ने तमंचा जंगल में छिपाने की बात कही थी। हथियार बरामदगी को उसे मौके पर ले जाया गया था, जहां उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी हैं। आरोपी और घायल सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। – **डॉ. देवेंद्र कुमार**, सीओ उझानी।

# पीड़ित परिवार से मिले अलंकार, उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हर्षित मिश्रा के घर पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री।

**अमृत विचार :** दातागंज (बदायूं) क्षेत्र के गाँव सैजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में उप प्रबंधक पद पर तैनात पूरनपुर निवासी हर्षित मिश्रा (32) समेत दो अधिकारियों की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में दूसरे दिन तूल पकड़ता दिखा। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए आवाजाही रही। इसी बीच इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री भी पूरनपुर में हर्षित मिश्रा के घर पहुंचे। इस दौरान एफआईआर से लेकर कंपनी के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। यह तक कहा कि आरोपी को बचाने की कोशिश की गई है। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान समेत कई नेताओं और अन्य परिचित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे थे। देर शाम इस्तीफा देकर अपनी पार्टी बना चुके बरेली के सिटी मैजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री भी मृतक हर्षित के परिवार से मिलने पहुंचे। इस उन्होंने दर्ज कराई गई एफआईआर की कमियों को उजागर किया। परिवार को ढांढस बंधाया गया। जिस वक्त हत्या हुई, कुल पांच अफसर मीटिंग कर रहे थे , लेकिन रिपोर्ट ऐसे कर्मचारी के स्तर से दर्ज कराई गई, जोकि मौके पर ही नहीं था। दो हत्या होने के बाद अन्य तीन अधिकारी भाग कर बरेली के एक होटल गए और फ्लाइट पकड़कर भाग गए। उन पर भी हत्या का केस होना चाहिए था। इसे आरोपी को बचाने का प्रयास करार दिया। इस दौरान सरकार और स्थानीय जा प्रतिनिधियों पर भी निशाना साधा गया।

# एसएसपी डॉ. बृजेश हटे अंकिता शर्मा नई कप्तान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



डॉ. बृजेश कुमार सिंह एसएसपी

**अमृत विचार:** एचपीसीएल प्लांट में दोहरे हत्याकांड के बाद एसएसपी बदायूं डॉ. बृजेश कुमार सिंह की जिले से विदाई हो गई है। एसएसपी ने लापरवाही को लेकर मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक और दरोगा को निलंबित कर दिया था। जांच सीओ उझानी डॉ देवेंद्र कुमार को सौंपी। अब एसएसपी का भी स्थानांतरण करके लॉजिस्टिक विभाग लखनऊ में पुलिस अधीक्षक पद पर भेजा गया है। वह 28 जून 2024 से बदायूं में तैनात थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने ने तमाम घटनाओं का खुलासा जल्द कराया। घटनाओं के त्वरित खुलासे, प्रार्थना पत्रों पर जल्द कार्रवाई, मधुर व्यवहार के लिए आमजन उनकी प्रशंसा करता था। उनके स्थान पर कासगंज की अंकिता शर्मा बदायूं की एसएसपी बनाई गई हैं। बता दें कि बदायूं कांड को लेकर राजनीति भी गरमाती दिखाई दे रही है। सपा इसे मुद्दा बनाने की कोशिश में है।

# फोन पर हर्षित ने कहा था, झगड़ों से परेशान हूं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गोलीकांड में मारे सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा ने दो दिन पहले अपने परिजनों को फोन किया था। घर पर बताया था कि प्लांट में बहुत विवाद चल रहा है।

वह पूरी तरह से परेशान हो गए हैं। डर की वजह से ट्रांसफर मांग रहे हैं। परिजनों ने उन्हें धैर्य रखने को कहा था। हर्षित ने अधिकारियों से शिकायत भी की थी लेकिन प्रशासन की ओर से सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। परिजनों ने हत्यारोपी और उसके सहयोगियों को फांसी देने की मांग की है। वहीं एचपीसीएल के एक सीनियर अधिकारी पर जातिवादी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए भी जांच की मांग उठाई है।



प्लांट के बाहर खड़े कर्मचारी। ● अमृत विचार

### दहशत में डीजीएम गुप्ता ने लिया था वीआरएस

गुरुवार को देर रात उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता की पत्नी रश्मि गुप्ता, बेटा आरुष और ससुर कैलाश पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। शव देख चीत्कारें गूंज उठीं। परिजनों ने कहा कि प्लांट पर परेशानी के चलते उन्होंने वीआरएस लिया था। वह 31 मार्च तक काम करने के बाद वापस घर आ जाते। वह कहते थे कि वीआरएस लेकर परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएंगे लेकिन इससे पहले ही उनकी हत्या कर दी गई।

### कॉल डिटेल से खुल सकते हैं कई राज

प्लांट कर्मचारियों का कहना है कि आरोपी अजय सिंह पर प्रभावशाली लोगों का का हाथ था। आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल की जांच हो तो कई राज खुल सकते हैं। मारे गए प्लांट अधिकारी हर्षित मिश्रा के परिजनों ने सीबीसीआईडी या सीबीआईजी से जांच कराने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि हत्याकांड में प्लांट के अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा प्रभावशाली व्यक्ति का हाथ भी हो सकता है। कर्मचारियों का प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बाद भी चेकिंग न करना षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। सही से जांच की जाए तो सच सामने आ जाएगा।

# गांव में प्लांट की गाड़ी रोककर बैठा था आरोपी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



हत्याकांड के बाद प्लांट के पास सन्नाटा।

**अमृत विचार:** प्लांट की गाड़ी दूसरी शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों लेकर प्लांट पर आ रही थी। बताया जा रहा है कि अजय प्रताप ने रास्ते में गाड़ी रोक ली और धमकाते हुए भीतर बैठ गया था। प्लांट की गाड़ी होने की वजह से सुरक्षाकर्मियों ने चेकिंग न करने की लापरवाही की। प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बाद भी न तो कर्मचारियों की डिटेल नोट की गई और न ही देखा गया कि भीतर कौन कौन बैठा है ?

**दहशत में कर्मचारी, दबाव में पुलिस :** एचपीसीएल प्लांट के अफसरों की शिकायतों के बाद बदायूं पुलिस क्यों आंखें मूंदे रही? दबाव किसका था? प्लांट में दो अफसरों की हत्या के बाद कई ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब देने से पुलिस बच रही है, लेकिन इलाके में चर्चाएं लगातार तैर रही हैं। आरोपी अजय सिंह को प्रभावशाली लोगों के संरक्षण की बात सामने आ रही है, जिसकी वजह से उसके हौसले बुलंद थे और वह प्लांट में आए दिन पहुंचकर रौब जमाता था।

# आलू खरीद को खेतों पर ही पहुंच रहे खरीदार, भंडारण से बच रहे हैं काश्तकार

- **550 से लेकर 600 रुपए तक का बिक रहा आलू का कट्टा**
- **सीधे मंडियों में पहुंच रहा आलू, कोल्ड स्टोरों पर पसरा सन्नाटा**
- **जिले में संचालित हैं 132 कोल्ड स्टोर, भरना हुआ मुश्किल**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



खोदाई के बाद कट्टे में आलू भरते मजदूर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में आलू खोदाई का कार्य तेजी से हो रहा है। किसान खेतों को खाली कर अगली फसल की तैयारी में जुट गया है। इस आलू की खरीदारी को लेकर व्यापारियों ने नियम बदल दिए हैं। अधिकांश क्षेत्रों में आलू मंडियों में न पहुंचकर व्यापारी खेतों से ही खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। किसान भी आलू के भंडारण से बच रहा है। जिसके चलते कोल्ड स्टोरों पर सन्नाटे की स्थिति बनी हुई है। इस समय आलू का भाव 550 से 600 रुपये प्रति कट्टा है। व्यापारी बारदाना लेकर खेतों में पहुंचकर खरीद कर रहा है।

जिले में इस बार 28 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू की पैदावार हुई है। जिसमें बिसौली, आसफपुर, इस्लामनगर क्षेत्र में सबसे अधिक आलू की पैदावार हुई है। इस समय सभी स्थानों पर आलू की खोदाई का काम चल रहा है। किसान मजदूरों के माध्यम से आलू की खोदाई में लगे हुए हैं। आलू की खोदाई के बीच ही व्यापारी भी खेतों पर ही पहुंच रहे हैं। आलू को बोली लगाकर खरीदा जा रहा है। खेतों में ही आलू की छंटाई कर कट्टों में भरकर ट्रैक्टर-ट्राली में लाद दिया जाता है। खरीदारी करने के दौरान व्यापारी आलू की प्रजाति, साइज और गुणवत्ता के आधार पर कीमत तय कर रहे हैं। उनके द्वारा किसानों को कृषि ऋण, बारदाना उपलब्ध कराने और ढुलाई में सहयोग जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। कुछ व्यापारियों के द्वारा जरूरत पड़ने पर किसानों को आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है। जिससे वह तुरंत बिक्री के दबाव में न आएं। खेतों में आलू की खरीद होने से किसानों को भी काफी राहत मिली है। खेतों पर हो रही खरीद के कारण कोल्ड स्टोरों पर सन्नाटे वाली स्थिति है। कोल्ड स्टोर गेट पर आलू से लदी ट्रेक्टर- ट्रालियों की कतार दिखाई नहीं दे रही है। आलू का उत्पादन करने वाले गांव हादीपुर निवासी किसान रहीस अहमद ने बताया कि खेतों में व्यापारी सीधे आकर 550 से 650 रुपये प्रति कट्टा तक आलू खरीद रहे हैं। इससे किसानों को मंडी तक ले जाने की परेशानी नहीं होती। मैंने अपने 10 बीघा 3797 आलू 600 रुपये प्रति कट्टा बिक्री किया है।

**132 कोल्ड है संचालित, 7.65 लाख मीट्रिक टन है क्षमता :** उद्यान विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार जिले में 132 कोल्ड स्टोर का संचालन हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि अब तक 49 प्रतिशत तक आलू का भंडारण हो चुका है। मार्च माह के अंत तक सभी कोल्ड स्टोर में भंडारण हो जाएगा। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने माना है कि इस बार किसान आलू के भंडारण से बच रहा है। ज्यादातर किसान अपनी फसल की बिक्री खेतों पर ही कर दे रहे हैं। जिससे कुछ कोल्ड स्टोर खाली रह सकते हैं।

**यह है आलू का भाव:** आलू व्यापारी राजेंद्र मौर्य ने बताया कि इस समय आलू का भाव उसकी प्रजाति गुणवत्ता के आधार पर तय किया जा रहा है। 3797 और सूर्या किस्म के आलू का भाव 550 से 650 रुपये प्रति कट्टा है। चिप्सोना आलू 500-525 रुपये और हाइब्रिड आलू 400-450 रुपये प्रति कट्टा बिक रहा है।

### 10 से 12 दिनों में हो जाएगी आलू की खोदाई

होली के बाद मौसम बिल्कुल साफ रहा है। मौसम साफ होने और गर्मी बढ़ने के चलते आलू की खोदाई तेज हुई है। गांवों में सुबह से ट्रैक्टरों और मजदूरों की आवाजाही शुरू हो जाती है और खेतों में खोदाई, छंटाई और पैकिंग का काम एक साथ चल रहा है। किसानों का कहना है कि मौसम अनुकूल रहा तो अगले 10 से 12 दिनों में अधिकांश खेतों से आलू निकल जाएगा

### कोल्ड स्टोर पर नहीं दिख रही भीड़

आलू की तेजी से होती खोदाई के बाबजूद, कोल्ड स्टोर पर किसानों की भीड़ दिखाई नहीं दे रही है। जबकि पिछले सालों के दौरान इन दिनों तक कोल्ड स्टोरेजों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग जाती थीं, लेकिन इस बार कई स्थानों पर सन्नाटा नजर आ रहा है। इस बार खेतों से सीधे हो रही बिक्री के कारण शुरुआती दिनों में कोल्ड स्टोरेजों में आलू की आवक कम बताई जा रही है। इससे संचालकों की चिंता भी बढ़ गई है कि इस बार भंडारण क्षमता पूरी तरह भर पाएगी या नहीं।

> आलू का भंडारण कोल्ड स्टोर में हो रहा है। अब तक 49 प्रतिशत आलू का भंडारण हो चुका है। पिछले साल की अपेक्षा भंडारण की गति धीमी है। मार्च माह तक सभी कोल्ड स्टोर में आलू का भंडारण हो जाएगा। **सुशील कुमार**, जिला उद्यान अधिकारी

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
- ओ.टी. टेक्नीशियन
- लैब टेक्नीशियन
- पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर

वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

# पुलिस भर्ती : 15 केंद्रों पर होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती आज से 15 केंद्रों पर शुरू हो रही है। जिसकी पुलिस और प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। दो दिनों तक चलने वाली परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थियों को दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। उन्हें ई-केवाईसी और स्क्रूटनी के बाद ही परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा। शनिवार को होने वाली परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों के आना शुरू हो गया है। देर शाम रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भीड़ भाड़ देखी गई।

जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाए हैं। सभी पर सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा दो दो सहायक व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई गई है। हर परीक्षा केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भारी संख्या में पुलिस बल को लगाया गया है। शनिवार से शुरू हो रही पुलिस भर्ती परीक्षा बैठने वाले अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला जारी हो गया है। उनके द्वारा होटल लॉज आदि की तलाश की जाती रही। इधर डीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। उनके द्वारा वहां पर व्यवस्था की स्थिति देखी गई।


परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं देखते डीएम व अन्य अधिकारी ● अमृत विचार

- जिले में आना शुरू हुए परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी, बढ़ने लगी भीड़भाड़
- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई जाएगी पुलिस भर्ती परीक्षा

### यह कॉलेज बनाए गए है परीक्षा केंद्र

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 15 कॉलेज केंद्र बनाए गए हैं। इनमें राजकीय महिला महाविद्यालय, इस्लामिया इंटर कॉलेज, केदारनाथ इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी उझानी, एनएमएसएन दास कॉलेज कॉलेज, नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, पार्वती आर्य कन्या इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजाराम महिला इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, राजकीय पॉटीलेक्निक कॉलेज, एसके इंटर कॉलेज और सिंगलर गर्ल्स इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### 5736 परीक्षा में होंगे शामिल

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 16 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5736 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली 3 से 5 बजे तक होगी। केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए दिए हैं। इन पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी।

### 17280 अभ्यर्थी करेंगे प्रतिभाग

जनपद में 14 एवं 15 मार्च 2026 को पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 :00 बजे से दोपहर 12 :00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03 :00 बजे से सायं 05 :00 बजे तक सम्पन्न कराई जाएगी। प्रत्येक पाली की परीक्षा अवधि 120 मिनट निर्धारित की गई है। प्रत्येक पाली में कुल 4320 तथा दोनों दिन की चारों पालियों में कुल 17280 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

## जनसेवा केंद्र संचालक को गोली मारने की धमकी, आरोपी पकड़ा

**आसफपुर/ओरछी , अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दुन्दपुर में एक जनसेवा केंद्र संचालक को गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी द्वारा दी गई धमकी का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

गांव दुन्दपुर निवासी शंकर प्रजापति पुत्र सोमपाल गांव में जनसेवा केंद्र संचालित करते हैं। आरोप है कि गांव के ही फाजिल खान पुत्र लईक खान ने फोन पर उन्हें धमकी देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गोली मारने की धमकी दी। वायरल हो रहे ऑडियो में आरोपी हिंदुओं को धमकाते हुए 11 गोलियां मारने की बात कहता सुनाई दे रहा है। साथ ही कई आपत्तिजनक और गाली-गलौज भरे शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी सुरक्षा की मांग की और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन


कार्यक्रम में प्रतिभाग करती छात्राएं ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार:** नगर स्थित दमयंती राज आनन्द राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर चल रहा था। जिसका शनिवार को समापन हो गया।

सात दिवसीय शिविर में जुड़े छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर और आस पास के गांव में जाकर कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर अनेक अनुभव प्राप्त किए। प्रतिभागियों ने गांवों में जाकर साफ सफाई के आयोजन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई से सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधानों पर चर्चाएं की। दीवारों पर जागरूकता सन्देश लिखे। कॉलेज प्रवक्ता डॉ मदन मोहन वार्ष्णेय ने बताया कि इससे जुड़े अनुभव इन प्रतिभागियों को जीवन पर्यन्त काम आएंगे। समापन के दौरान स्वयंसेवकों और स्टाफ के साथ मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना भारती, व विशिष्ट अतिथि नागरिक के रूप में बाबू लाल चंदेल उपस्थित रहे।

## दो चरणों में होगी जनगणना कार्मिकों को मिला प्रशिक्षण


कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए ट्रेनर ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जनगणना 2027 को लेकर जनपद स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑडिटोरियम में चल रहा है। जिसके दूसरे दिन भी कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि जनगणना एक सांविधिक गतिविधि है। जो कि संघ सूची अनुच्छेद 246 तथा जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत संचालित की जाती है। जनगणना 2027, 1872 से 16वीं तथा स्वतंत्रता के पश्चात 8वीं जनगणना है, प्रगणक व पर्यवेक्षक इसकी रीढ़ है। बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में संचालित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (2026) तथा द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना (2027)मकान सूचीकरण, मकानों की स्थिति, सुविधाओं, परिसंपत्तियों की की गणना होगी। जनसंख्या की गणना में प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विवरण एक निश्चित संदर्भ दिनांक व समय पर दर्ज किया जाएगा।

# संगठन के विस्तार में कार्यकर्ताओं की भूमिका सर्वोपरि : राजीव

- जनसंघ से शुरू हुई यात्रा आज विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक दल तक पहुंची
- भाजपा का विस्तार कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम : हरीश शाक्य


प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद भाजपा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत उझानी नगर मंडल और सालारपुर का प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुआ। उझानी के भगवान दास पैलेस और सालारपुर का कुंवरगांव स्थित वार्ष्णेय रिसॉर्ट में हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता और बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने किया।

जिले के विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन शुरू किया गया है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं को 24 घंटे का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के 7 सत्र में इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्य पद्धति, बूथ प्रबंधन, भाजपा सरकार की उपलब्धियां व क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप, सरल ऐप के माध्यम से विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ पदाधिकारियों और पार्टी के वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिलाध्यक्ष ने कहा संगठन को सशक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाना आवश्यक है।

भाजपा का हर कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर लोगों से संवाद स्थापित करता है और उन्हें संगठन की नीतियों और विचारधारा से जोड़ता है। कार्यकर्ताओं के सतत प्रयासों से ही संगठन का विस्तार होता है और समाज में भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन लगातार बढ़ता है। इतिहास एवं विकास विषय पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि भाजपा का इतिहास त्याग, संघर्ष और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणादायक गाथा है। जनसंघ से प्रारंभ हुई यह यात्रा अनेक संघर्षों और चुनौतियों को पार करते हुए आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक दल के रूप में स्थापित हो चुकी है। संगठन के विस्तार और मजबूती में लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण और अथक परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और कार्यकर्ताओं की यही निष्ठा व प्रतिबद्धता पार्टी को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। राणा प्रताप सिंह, केशव चौहान ने वर्गों को संबोधित किया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, राजीव गौड़, भारती सिंह लोधी, अजय शर्मा, सुनील चंद्र सक्सेना, अवदेश सक्सेना, राम मोहन शर्मा, नौरंग पाल, सचिन अग्रवाल, सुधीर श्रीवास्तव, अजय तोमर, विश्वजीत गुप्ता, अरविंद रावत लोग उपस्थित रहे।

# 76.50 लाख से खरीदे 5 ट्रैक्टर-जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद शहर के मुख्य मार्ग और बड़ी गलियों में सफाई करा रही है लेकिन तंग गलियों में नालों की सफाई और कूड़ा उठाने की परेशानी थी। जिसके चलते सफाई व्यवस्था और दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका ने 76 लाख 50 हजार रुपये की लागत से पांच ट्रैक्टर और एक जेसीबी खरीदी है। पालिका की चेयरपर्सन फात्मा रजा ने फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।

पालिका की ओर से स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए गुरुवार को चेयरपर्सन ने पांच ट्रैक्टर और एक जेसीबी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अब बड़े नालों और नालियों की सफाई भी अधिक सुचारू रूप से की जा सकेगी। नगर की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव संसाधन जुटाए जा रहे हैं। पांच ट्रैक्टर और एक जेसीबी के माध्यम से नालों की सफाई के कार्य में तेजी आएगी। साथ ही कूड़े के ढेर उठाने में राहत मिलेगी। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, राजस्व निरीक्षक लवी कुमार, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यव, सफाई निरीक्षक केशव गंगवार, शरीफ अहमद, जहांगीर, महेश बाबू, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, मनोज सोनकर, इमरान आदि पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।


फीता काटकर वाहनों को रवाना करतीं पालिका परिषद की चेयरपर्सन फात्मा रजा।

- तंग गलियों में नाली की कीचड़ उठने में कर्मचारियों होती थी परेशानी
- चेयरपर्सन फात्मा रजा ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को शहर में किया रवाना

## खिलाड़ियों में बांटी गई स्पोर्ट्स किट

**बिल्सी, अमृत विचार:** नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को खेल सांसद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट बांटी गई। किट स्पोर्ट्स स्टेडियम जिला क्रीड़ा अधिकारी अमित कुमार रिछारिया द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने कबड्डी और वॉलीबॉल टीम के विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्पोर्ट्स किट प्रदान की। प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने खेलों में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि आगामी 16 मार्च डोरीलाल स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में आयोजित होने वाली जोन स्तरीय प्रतियोगिता में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें।

## बदायूं डायरी

### समस्याओं के निस्तारण को बीएसए से मिला शिक्षक संघ, ज्ञापन



**बदायूं, अमृत विचार :** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए परिषदीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी बीएसए से मिले। उनके द्वारा ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगों के निस्तारण के लिए कहा गया। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के बारे में बीएसए से चर्चा की। जिसमें शिक्षकों के कार्यालय स्तर पर लंबित ऑनलाइन चयन वेतनमान स्वीकृति, एक ही पद पर 22 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षक-शिक्षिकाओं की वरिष्ठता सूची निर्गत करने तथा सत्र 2026 27 की निशुल्क पाठ्यपुस्तकों को विद्यालयों तक पहुंचाने और खंड शिक्षा अधिकारी सहसवान द्वारा की जा रही अनियमितताओं पर ठोस कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया। बीएसए से मिलने वालों में अरविंद सिंह राठौर, प्रेमानंद शर्मा, उदयवीर सिंह यादव, अतुल श्रोत्रिय, फरहत हुसैन आदि शामिल रहे।



### कृषि विज्ञान केन्द्र में लगा जैविक मेला

**बदायूं, अमृत विचार :** यूपी डास्प द्वारा संचालित नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर उझानी में मेला लगा। जिसका उद्‌घाटन उप कृषि निदेशक मनोज कुमार और जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत ने फीता काटकर किया। जैविक किसान मेला में जिला परियोजना समन्वयक द्वारा रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा जैविक विधि से दीमक व फफूंद नाशक रोगों के रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। नमामि गंगे के जिला प्रभारी लवकुश मिश्रा, डा आर एस सिंह उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी, डॉ सौहार्द दुबे, डॉ मनीष कुमार, डॉ रोशन सिंह, नेक पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



### मंदिर में शिव परिवार की स्थापना

**करियामई, अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम सुराही में शुक्रवार को आस्था और उल्लास का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर में भगवान को परिवार के साथ स्थापित किया गया। इससे पूर्व गांव में भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। गांव में लगभग 150 वर्ष पुराने प्राचीन मंदिर का नव-निर्माण किया गया है। जिसमें शिव परिवार और हनुमान जी प्रतिमाओं को विधिवत स्थापित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि शर्तेंदु पाठक, अरविंद चेयरमैन और दयासिंधु शंखधार ने भगवान शिव की विशेष आराधना और आरती के साथ किया। पवन पाठक और शिखा पाठक ने बताया कि गांव में शिवजी लगभग डेढ़ शताब्दी से विराजमान हैं। शैलेश पाठक, राहुल पाठक, लवकुश पाठक, हरिकिशन शर्मा, विशाल शर्मा, मुनेंद्र शर्मा, प्रिंस पाठक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा नगर मंडल के प्रशिक्षण शिविर में पढ़ाया अनुशासन का पाठ



**बिसौली, अमृत विचार :** भाजपा के पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर मंडल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को अनुशासन और संगठन की रीति-नीति का पाठ पढ़ाया गया। नगर की ब्लू आर्चित धर्मशाला में आयोजित शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, डॉ. रूपेंद्र आर्य और मनोज गुप्ता ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है, इसलिए कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहकर पार्टी हित में काम करना चाहिए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, ओम किशन सागर, अमित पाठक, ठाकुर रामवीर सिंह और पंकज सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रूपेंद्र आर्य ने की, जबकि भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर शिवम शर्मा, ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, राजेश भारद्वाज एडवोकेट, अक्कू रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# सरकार के उर्स में सबकी जुबां पर अली-अली



कार्यक्रम में कव्वाली पेश करते कव्वाल जुनैद सुल्तानी। ● अमृत विचार


जश्न ए छोटे बड़े सरकार में कलाम आनंद लेते लोग। ● अमृत विचार

- गुरुवार देर रात तक जश्न ए छोटे-बड़े सरकार में शायरों ने पेश किए कलाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गुरुवार रात छोटे-बड़े सरकार का जश्न बड़ी शान शौकत के साथ मनाया गया। जिसमें देश के मशहूर और मारूफ कलाकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आगाज ओवैस सुल्तानी ने किया। उन्होंने पढ़ा कि तन में अली अली तो जुबा पर अली अली, मर जाऊं तो कफन पर भी लिखना अली अली। देवेंद्र कुमार सिंह ठाकुर ने भी कलाम पेश करते हुए कहा कि अल्लाह ही जाने कौन बशर है। हैदराबाद से आए शायर आरिफ सैफी ने शेर सुना कर वाहवाही लूटी।

उन्होंने सुनाया कि घूम है सारे जहां में इसके ही म्यार की, शान है ऐसी बदायूं वाले इस दरबार की, हर किसी वास्ते रहमत है और इंसाफ है, बादशाहत है यहां छोटे बड़े सरकार की। मुंबई से आए नौशाद अली ने कलाम सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामपुर से हाजिरी देने आए सरफराज राजा कव्वाल ने छोटे-बड़े सरकार की शान में पढ़ा कि मैं गदागद हूं मेरे साथ सुल्तान हैं। मुझसे नाचीज की यही पहचान है। मशहूर कव्वाल जुनैद सुल्तानी 18 साल से जश्न एक छोटे बड़े सरकार मनाते आ रहे हैं। उन्होंने सभी कलाकारों और जायरीनें का आभार व्यक्त किया। कहा कि छोटे बड़े सरकार के करम से आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे। संचालन आमिर सुल्तानी ने किया। दरगाह के जावेद, शहजाद, राहिल, अजमेरी, दानिश, मुश्फफे, रहबर, मोहसिन आदि पीरजी मौजूद रहे।


अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

